बांधवगढ़ में बढ़ रहा हाथियों का कुनबा

संतोष चौबे शहडोल।

मध्यप्रदेश के जंगलों में हाथियों की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। बाघों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व अब हाथियों के लिए भी अनुकूल रहवास के रूप में उभर रहा है। यहां हाथियों का कुनबा लगातार फल-फूल रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं आसपास के लैंडस्केप में वर्तमान में करीब 50 से 70 जंगली हाथियों की मौजूदगी का अनुमान है। वहीं शहडोल जिले के पश्चिमी ब्यौहारी क्षेत्र में भी करीब 25 हाथियों का दल पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से लगातार रह रहा है।

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक अनुपम सहाय के अनुसार बांधवगढ़ में हाथियों की नियमित उपस्थिति अक्टूबर 2018 में स्पष्ट रूप से दर्ज हुई। ये हाथी संजय गांधी टाइगर रिजर्व से बांधवगढ़ लैंडस्केप कॉरिडोर के माध्यम से यहां पहुंचे। इसके बाद धीरे-धीरे हाथियों की संख्या और उनके विचरण क्षेत्र में विस्तार हुआ। हाथियों का विचरण मुख्य रूप से खेतौली, पनपथा कोर, ताला एवं कल्लवाह क्षेत्र में देखा जा रहा है। हाथी किसी एक क्षेत्र में स्थाई रूप से सीमित नहीं रहते, बल्कि भोजन, पानी एवं अन्य आवश्यकताओं के अनुसार अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण करते हैं। यही कारण है कि किसी एक रेंज में हाथियों की स्थाई संख्या निर्धारित करना कठिन होता है और उनकी नियमित निगरानी की जाती है। हाथियों की बढ़ती मौजूदगी से बांधवगढ़ के वन्यजीव पर्यटन में भी नया आकर्षण जुड़ा है। जंगल में स्वतंत्र रूप से विचरण करते हाथियों के झुंड, उनके साथ मौजूद बच्चे तथा उनका प्राकृतिक सामाजिक व्यवहार पर्यटकों के लिए रोमांचकारी अनुभव बन रहा है। बांधवगढ़ में हाथियों के संरक्षण एवं मानव-हाथी सहअस्तित्व को मजबूत करने के लिए प्रबंधन द्वारा तकनीक, वैज्ञानिक अध्ययन, सामुदायिक भागीदारी और नियमित मॉनिटरिंग को अपनाया गया है।

शहडोल उत्तर वनमंडल की डीएफओ श्रीमती तरुणा वर्मा के अनुसार शहडोल क्षेत्र में हाथियों का आवागमन ऐतिहासिक रूप से रहा है। हाल के वर्षों में वर्ष 2005 के आसपास हाथियों का शहडोल क्षेत्र में आना-जाना दर्ज हुआ। वर्ष 2018 में हाथियों का एक झुंड यहां आया और बाद में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थाई रूप से रह गया। वर्तमान में शहडोल उत्तर वनमंडल के पश्चिमी ब्यौहारी क्षेत्र में लगभग 25 हाथियों का एक दल पिछले करीब डेढ़ वर्ष से रह रहा है। यह क्षेत्र हाथियों के लिए अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध करा रहा है।

क्षेत्र संचालक श्री अनुपम सहाय के अनुसार हाथियों का संरक्षण केवल एक प्रजाति के संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे जंगल, उसके पारिस्थितिकी तंत्र तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की रक्षा से जुड़ा विषय है। बांधवगढ़ में प्रयास किया जा रहा है कि हाथी जंगल में सुरक्षित रहें और स्थानीय समुदाय भी उनके साथ सुरक्षित रूप से सहअस्तित्व कायम रखते हुए आगे बढ़े।

रूक-रूककर बारिश जारी

शाजापुर। सोमवार को हुई बारिश के बाद मानसून की गति धीमी हो गई है। लेकिन नगर में रूक-रूककर बारिश का दौर जारी है, जिससे नगरवासियों को गर्मी से राहत मिली हुई है। बुधवार को भी दिनभर रूक-रूककर बारिश का दौर जारी रहा। आसमान पर बादल छाने से दिन में अंधेरा भी छा गया।

गौरतलब है लगातार बारिश के कारण चिल्लर डैम का जलस्तर बढ़कर करीब 7 फीट हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में जिले के कुछ इलाकों में तेज तो कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। बुधवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे। दोपहर करीब 1 बजे के बाद जिले के कई हिस्सों में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश हुई।

करीब 15 से 20 मिनट बारिश के बाद मौसम साफ हो गया, हालांकि बादलों की आवाजाही बनी रही। दोपहर 2 बजे के बाद कुछ स्थानों पर धूप भी निकली। इससे पहले रविवार और सोमवार की रात शाजापुर में जोरदार बारिश हुई थी। मंगलवार को दिन में हल्की बारिश हुई, जबकि रात में करीब दो घंटे तक झमाझम बारिश हुई। लगातार बारिश से मौसम ठंडा हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली।

सच संक्षेप

कार्यशाला

शहडोल। जिले के उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने तथा वित्तीय जागरूकता, व्यवसाय के औपचारिकीकरण, गुणवत्ता सुधार, बौद्धिक संपदा अधिकार एवं सतत व्यवसाय संचालन के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत शहडोल में दो दिवसीय जागरूकता कार्यशाला एवं कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों को संबोधित करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा अपने व्यवसाय को व्यवस्थित एवं निरंतर विकसित करने का आह्वान किया। विशेष अतिथि श्री संतोष लोहानी ने भी प्रतिभागियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला व्यापारी संघ अध्यक्ष श्री लक्ष्मण गुप्ता ने अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार से जुड़ने का आह्वान किया। वहीं लघु उद्योग भारती, शहडोल के जिलाध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने उद्यमियों से शासन की योजनाओं का लाभ लेकर जिले में उद्योग एवं व्यवसाय को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर

सिलवानी। तहसील के ग्राम सियरमऊ स्थित विद्या भारती संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में पुष्य नक्षत्र के अवसर पर बच्चों के स्वास्थ्य एवं बौद्धिक विकास के उद्देश्य से सुवर्ण प्राशन संस्कार शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भगवान धन्वंतरि के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में विद्यालय की शिशु वाटिका एवं प्राथमिक खंड में अध्ययनरत दर्जनों बच्चों को आयुर्वेद पद्धति से तैयार सुवर्ण प्राशन की खुराक दी गई। आयोजन के दौरान आयुर्वेद विशेषज्ञों ने सुवर्ण प्राशन से संबंधित जानकारी अभिभावकों को दी। उन्होंने बताया कि इसमें स्वर्ण भस्म्ए गोघृत और शहद का मिश्रण उपयोग किया जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार आयुर्वेद में इसे बच्चों के स्वास्थ्य एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। शिविर में बच्चों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

बैतूल। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में वीर जवानों की स्मृति में रक्तांजलि एक रक्तदान, राष्ट्र के नाम अभियान के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन आज जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम बैतूल में आयोजित किया गाय। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन ने जिलेवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए हमारे वीर जवानों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया है। उनकी स्मृति में रक्तदान करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

हरियाली अमावस्या पर पौधारोपण

शाजापुर। बेरछा रोड स्थित पायनियर पब्लिक स्कूल में बुधवार को हरियाली अमावस्या पर्व उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल स्टाफ द्वारा परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

संस्था प्राचार्य विमल जैन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत देश भर सहित मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में बड़े पैमाने पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर स्कूल परिसर में स्टाफ सदस्यों द्वाराएक पौधा देश के नाम थीम पर पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर स्कूल संचालक मंगल नाहर, संस्था प्रभारी अंजू शुक्ला, शिक्षिका सारिका भावसार, फाल्गुनी सोनी, अनिता शर्मा, प्रिया शर्मा, रंजना खत्री, रानी चंद्रवंशी, कविता अग्रवाल, पिंकी शिवहरे, दुर्गा मालवीय, स्वीटी चौहान, रुपशिखा राठौर, सरिता शर्मा, राधिका जोशी सहित शिक्षक निलेश जोशी एवं विशाल परियार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

विधायक ने दिया यातायात नियमों का संदेश

शिवपुरी/पिछोर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिछोर नगर में बुधवार को देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ क्षेत्रीय भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने रेस्ट हाउस स्थित जन सेवा कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली बाचरोंन चौराहा, छावनी तिराहा, कॉलेज चौराहा, चुंगी नाका, राजा महादेव, बड़ा बाजार, तहसील मोहल्ला, बस स्टैंड होते हुए डांग बंगले पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और हर घर तिरंगा के जयकारों से नगर गूंज उठा। रैली में विधायक प्रतिनिधी आशीष चौधरी, सुनील लोधी, मुकेश पंसारी के अलावा, मंडल अध्यक्ष राहुल रहोरा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे। रैली के दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रैली को कुछ समय के लिए रोका गया। इस पर विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने कानून का सम्मान करते हुए अपनी स्वेच्छा से बाइक का चालान कटवाया।

संपर्क अभियान के तहत शिविर कल

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से संपर्क अभियान के तहत 14 अगस्त को शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल उत्तर संभाग के उप महाप्रबंधक ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक आमला शहर वितरण केंद्र के वार्ड क्रमांक- 10, आमला ग्रामीण के बेरीखुर्द, अंबाड़ा के मेर डोंगरी, बोरदेही के दीपा मंडई, खेड़ली बाजार के बरछी, चिचोली के रातामाटी बुजुर्ग में शिविर आयोजित किया जाएगा।

विवाद में खड़ी फसल की बर्बाद

शाजापुर। जिले के ग्राम बकानी में बुधवार को पुरानी रंजिश के चलते खेतों में खड़ी सोयाबीन की फसल बर्बाद करने का मामला सामने आया है। फरियादी आत्माराम ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है कि पूर्व पत्नी की दूसरी शादी के विवाद में उसकी और पड़ोसियों की फसल काट दी गई।

फरियादी आत्माराम ने बताया कि 11 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे जब वह अपने खेत पर गया तो उसने भेरूपुरा निवासी मायाराम और उसके साथियों को दराते से सोयाबीन की खड़ी फसल काटते और उखाड़ते देखा। जब आत्माराम ने उन्हें रोका तो मायाराम ने कहा कि उसकी पूर्व पत्नी की शादी मेहरबानसिंह से हुई थी और वह इसी शादी के विवाद का बदला ले रहा है। मायाराम ने धमकी दी कि अगर उसका विवाद नहीं सुलझाया गया तो वह इसी तरह गांव के दूसरे लोगों की फसलें भी बर्बाद करता रहेगा। इसके बाद आत्माराम ने मदद के लिए गांव वालों को आवाज दी, तो मायाराम और उसके साथी मौके से भाग निकले।

आत्माराम ने बताया कि उसकी और आसपास के खेत मालिकों की करीब 7 बीघा खड़ी सोयाबीन की फसल काट दी गई है, जिससे लगभग 1 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पीड़ित किसानों ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

उप-स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

बैतूल। बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने 12 अगस्त को आठनेर जनपद के ग्राम बोरपानी में 65 लाख की लागत से बने उप-स्वास्थ्य केंद्र आरोग्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि बोरपानी में 65 लाख की लागत से बने उप-स्वास्थ्य केंद्र से बोरपानी और आसपास के ग्रामीणों के लिए यह बहुत जरूरी सुविधा है। अब गांव के लोगों को छोटी-छोटी स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा तथा अपने गांव के पास ही प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, कृष्णा गायकी, गोवर्धन राने, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा कमलेश सोलंकी, जनपद सदस्य राजू सलाम समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

जनसमस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

15 दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

मंडीदीप। नगर की लंबे समय से चली आ रही विभिन्न जनसमस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर नगर पालिका परिषद मंडीदीप के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) को आवेदन सौंपा गया। आवेदन में नगर के विकास और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े 11 प्रमुख मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। आवेदन में सभी वार्डों की क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत, नालियों एवं सीवेज व्यवस्था की नियमित सफाई व सुधार, प्रत्येक वार्ड में स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, मंडीदीप में नर्मदा जल योजना का शीघ्र क्रियान्वयन तथा नियमित

साफ-सफाई एवं कचरा संग्रहण की प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की गई।

इसके अलावा नगर में चल रहे विकास कार्यों में हुए खर्च का सार्वजनिक विवरण जारी करने, सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने, नगरवासियों से किए गए विकास संबंधी वादों को शीघ्र पूरा करने, लाड़ली बहना योजना से वंचित पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ने, अवैध कॉलोनियों को नियमानुसार वैध करने की प्रक्रिया शुरू करने तथा नागरिकों की शिकायतों के निराकरण के लिए नियमित जनसुनवाई आयोजित करने की मांग भी रखी गई।

आवेदन में कहा गया कि नगर की जनता लंबे समय से मूलभूत समस्याओं से जूझ रही है। जनहित के इन मुद्दों पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर नागरिकों को राहत प्रदान की जाए। साथ ही चेतावनी दी गई कि 15 दिवस के अंदर कार्रवाई नहीं होने पर वार्डवासियों एवं नगर की जनता आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका एवं प्रशासन की होगी।

सिविल अस्पताल की बदहाली के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

बैरसिया। सिविल अस्पताल में चरमराई स्वास्थ्य सेवाओं, कथित लापरवाही और मरीजों को हो रही भारी असुविधाओं को लेकर बुधवार को कांग्रेस का जोरदार जनाक्रोश देखने को मिला। युवक कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती भाग्यश्री चंचल खत्री के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बस स्टैंड चौराहे से अस्पताल तक विरोध रैली निकाली और गेट पर प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका।प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि अस्पताल क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का मुख्य केंद्र है, लेकिन डॉक्टरों की कमी एवं लेट-लतीफी, स्टाफ के दुर्व्यवहार और लचर व्यवस्थाओं के कारण मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर हैं। अस्पताल परिसर में प्रदर्शन के बाद कार्यकर्ता तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार आदित्य जंगेला को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में अस्पताल की सभी अनियमितताओं की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने और दोषी कर्मचारियों-अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान , जिला ग्रामीण किसान कांग्रेस अध्यक्ष राम भाई मेहर, पूर्व मंडी अध्यक्ष सत्य नारायण यादव, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश साहू, मदन सिंह ठाकुर,बैरसिया ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, नजीराबाद ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेंद्र सिंह सोलंकी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

एड्स जागरूकता के लिए निकली रैली

शिवपुरी। एचआईव्ही एड्स की रोकथाम के लिए एडस सधन जागरूकता अभियान अंतर्गत फैलते एडस रोग की गंभीरता समझाने मोटर साईकल रैली का आयोजन स्वास्थ्यकर्मियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया गया। सघन जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में 12 अक्टूबर 2026 तक ग्राम स्तर से लेकर शहरी क्षेत्र में कई आयोजन किए जाऐंगे

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय ऋषीश्वर ने प्रेस को जारी जानकारी में बताया कि कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे एड्स सधन जागरूकता अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर 2026 के अंतर्गत आमजन को जागरूकता का संदेश देने के लिए जिला चिकित्सालय शिवपुरी से जिला क्षय अधिकारी डॉ. प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में मोटर साईकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुई वापस जिला चिकित्सालय पहुंची, जहां एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ. आरपी सिंह एवं एड्स कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सह डीटीओ डॉ प्रदीप शर्मा ने एडस के फैलने के कारण, बचाव, उपचार, जांच को रेखांकित करते हुए जिले में एड्स की बढ़ती संख्या पर चिंता व्यक्त की। दोंनो बक्ताओं ने जिले में नशे के कारण बढ रहे एडस रोग पर सभी उपस्थित श्रोताओं को जिले को नशा मुक्त बनाने का अहावान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से एएनएस अधिकारी पीजी कालेज शिवपुरी, परामर्शदाता शादिक खान, धर्मेन्द्र गुप्ता, नीरज शर्मा, लखन जाटव, राजकुमार माथुर, नित्यप्रकाश मिश्रा एनजीओ प्रतिनिधि एमएनई अंकिता दीक्षित, विहान संस्था से अनूप भार्गव, एएनएम टीसी प्रभारी अर्चना श्रीवास्तव, रिषभ गुप्ता, ब्रजेश कुशवाह सहित स्वास्थ्य विभाग की एएनएम एवं नर्सिंग आफीसर आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह 23 को

शिवपुरी। वैश्य महासम्मेलन शिवपुरी संभाग द्वारा संभागीय सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन 23 अगस्त 2026, रविवार को दोपहर 12 बजे से होटल शगुन वाटिका, शिवपुरी में किया जाएगा। समारोह में शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर जिले के वैश्य समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा संघ लोक सेवा आयोग, राज्य लोक सेवा आयोग, नीट, आईआईटी, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर समाज का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। प्रतिभावान छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाएं 18 अगस्त तक अपनी जानकारी भेजकर समारोह में सहभागी बन सकती हैं। यह सम्मेलन समाज की प्रतिभाओं के सम्मान के साथ-साथ संगठन की एकजुटता, नई पीढ़ी को प्रोत्साहन और सामाजिक सेवा के संकल्प को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रदेश महामंत्री भरत अग्रवाल, संभागीय अध्यक्ष देवेन्द्र जैन खतौरा एवं जिलाध्यक्ष अजीत जैन सिंघई ने बताया कि संभागीय सम्मेलन में शिरोमणि संरक्षक उमाशंकर गुप्ता एवं प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

ग्रामीणों को जागरूक करने निकाली हरियाली यात्रा

सिलवानी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिलवानी की नवांकुर संस्था स्वर्गीय प्रीति शिक्षा समिति सियरमऊ द्वारा ग्राम सियरमऊ में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के अंतर्गत कलश यात्रा एवं तिरंगा यात्रा निकाली गई। हरियाली अमावस्या के अवसर पर आयोजित यात्रा का उद्देश्य ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

तिरंगा यात्रा के माध्यम से हर घर तिरंगा लगाने तथा स्वतंत्रता दिवस को उल्लासपूर्वक मनाने का संदेश दिया गया।

पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

आष्टा। पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आष्टा में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं कल्पनाशक्ति को निखारने के उद्देश्य से फेस पेंटिंग एवं हैंड पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए रंगों के माध्यम से मनमोहक एवं आकर्षक रचनाएं प्रस्तुत कीं। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ सहभागिता की। कक्षा पहली एवं दूसरी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हैंड पेंटिंग के माध्यम से अपनी हथेलियों पर विभिन्न रंगों और

आकृतियों को उकेरकर अपनी कल्पनाशक्ति का परिचय दिया। वहीं कक्षा दूसरी से छठी तक के छात्र-छात्राओं ने फेस पेंटिंग में हिस्सा लेकर एक-दूसरे के चेहरों पर आकर्षक एवं मनमोहक कलाकृतियां बनाईं।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे ने प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग्स का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों की रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति और उत्साह की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे ने कहा शिक्षा केवल किताबों और कक्षा की चार दीवारी तक सीमित नहीं है, शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना है। जब बच्चे अपनी कल्पनाओं को रंगों और कला के माध्यम से अभिव्यक्त करते हैं।

कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

यांत्रिक विभाग जोन क्र.-16

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 571/यां.वि./16/2026 भोपाल, दिनांकः- 12.08.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

क्र.	निविदा क्र.	कार्य का संक्षिप्त विवरणों	अनुमानित लागत	निविदा क्र. करने की अंतिम	
				दिनांक	समय
1	2026_UAD_528859_1	CONSTRUCTION OF C.C ROAD WORK FROM JYOTI ANIL THAKUR TO MANOJ TIWARI F SECTOR AYODHYA NAGAR WARD 68 ZONE 16	8,85,600/-	27.08.2026	17:30 PM
2	2026_UAD_522697_2	PROVIDING AND FIXING OF PLAYGROUND EQUIPMENT AT BEHIND MANDIR ARCHANA HOMES WARD 65 ZONE 16	4,71,900/-	18.08.2026	17.30 PM
3	2026_UAD_523466_2	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM MAIN ROAD TO CHHATRAPATI NAGAR PARK AT CHHATRAPATI NAGAR WARD 65 ZONE 16	6,13,149/-	18.08.2026	17:30 PM
4	2026_UAD_523469_2	PROVIDING AND FIXING OF PAVING BLOCKS AT YOJNA VIHAR INFRONT OF SUNIL SURYAVANSHI HOUSE WARD 65 ZONE 16	4,75,942/-	18.08.2026	17:30 PM
5	2026_UAD_522698_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD AND RCC DRAIN AT GWAL BABA CHAURAJA ATAL NEHRU NAGAR WARD 72 ZONE 16	6,80,963/-	18.08.2026	17:30 PM
6	2026_UAD_522699_2	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN NEAR SADHNA JAIN PRATAP NAGAR SHIV NAGAR WARD 73 ZONE 16	8,24,160/-	18.08.2026	17:30 PM
7	2026_UAD_522700_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD INFRONT CHAURASIYA SAMAJ MANDIR ONLY GEHLOT HOUSE TO CHAINAGE 0 TO 60M SHIV NAGAR WARD 73 ZONE 16	5,08,980/-	18.08.2026	17:30 PM
8	2026_UAD_522701_2	CONSTRUCTION OF RCC ROAD CROSS AT NEAR AANGANBADI, SHIV MANDIR, SHIV SHAKTI NAGAR LANES, SHIV NAGAR PHASE 1 WARD 73 ZONE 16	5,16,366/-	18.08.2026	17:30 PM
9	2026_UAD_522702_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD MAIN ROAD SHIV NAGAR TO HANUMAN MANDIR SHIV NAGAR PHASE 1 WARD 73 ZONE 16	7,68,072/-	18.08.2026	17:30 PM
10	2026_UAD_522703_2	PROVIDING AND LAYING OF PAVING BLOCK SHIV MANDIR PARK SHIV SHAKTI NAGAR WARD 73 ZONE 16	6,70,528/-	18.08.2026	17:30 PM
11	2026_UAD_521206_2	CONSTRUCTION OF CC ROAD FROM SARASWATI KUSHWAHA TO RAJU SHRIWAS SHARDA NAGAR WARD 74 ZONE 16	3,93,050/-	18.08.2026	17:30 PM

नोटः- संशोधन केवल वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्र. 16
नगर निगम, भोपाल

नि.क्र. 580/026/027